हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 अगस्त 2025
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 परिषद में मिली मंजूरी, जल्द शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव



07 कागजों के अलावा मैदान पर भी दिखे सोशल...



## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन 21 को होगा

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 21 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से पत्रकार भवन इटारसी में आयोजित होगा। कमांडर अनुराग सक्सेना, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, नर्मदापुरम द्वारा बताया गया कि मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं का समाधान करना है।

### पुलिस ने कार से बरामद की शराब

**नर्मदापुरम।** कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार शाम भोपाल चौराहे के पास एक आई-20 कार से शराब की तस्करी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। कार से 5 पेटी बियर और अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान चंद्रभान नोरिया (50), निवासी सदर बाजार नर्मदापुरम के रूप में हुई। वह अवैध शराब बुधनी क्षेत्र में सप्लाई करने ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कलेक्टर ने किया बनखेड़ी क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों का निरीक्षण

# समितियों के माध्यम से किसानों को खाद व उर्वरक वितरण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**सोमवार को तहसील बनखेड़ी के दूरस्थ ग्राम धड़ाव–पड़ाव, डंगरहाई एवं तिंदवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए।**

कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को तहसील बनखेड़ी के दूरस्थ ग्राम धड़ाव–पड़ाव, डंगरहाई एवं तिंदवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों, शासकीय विद्यालयों एवं रेशम केंद्र का अवलोकन कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने धड़ाव–पड़ाव पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व, ई-केवाईसी, आधार की समीक्षा की साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री मीना ने चौपाल लगाकर किसानों से खाद एवं उर्वरक की समस्या पर चर्चा की।



#### श्मशान घाट निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश



कलेक्टर ने कामती समिति के माध्यम से किसानों को यूरिया वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्राम धड़ाव में श्मशान घाट निर्माण हेतु जनपद सीईओ को प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा ग्राम डंगरहाई में आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी भवन के जर्जर होने की समस्या से अवगत कराया, तत्संबंध में कलेक्टर ने सीडीपीओ को नवीन भवन निर्माण हेतु एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामवासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या के संबंध में कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत पिपरिया को आवश्यक कार्यवाही कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### कलेक्टर ने किया रेशम केंद्र का निरीक्षण, लखपति दीदीयों से की चर्चा

रेशम केंद्र, तिंदवाड़ा पहुंच कर रेशम केंद्र का निरीक्षण किया साथ ही हितग्राही एवं रेशम कार्य कर लखपति बनी दीदीयो से चर्चा कर उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित भी किया। साथ ही, पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, बंटवारा आदि से संबंधित प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग को स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित पट्टा वितरण शीघ्र करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम पिपरिया अनीशा श्रीवास्तव, तहसीलदार बनखेड़ी अंजू लोधी, नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी, सीईओ जनपद पंचायत बनखेड़ी रीना कुमारिया, सीडीपीओ पिपरिया श्री अनिल चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शक्ति प्रदर्शन करते हुए दिखे दो वयस्क भारतीय बायसन

### प्रत्यक्षदर्शियों ने कैमरे में किया कैद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी के घने जंगलों में हाल ही में दो विशाल वयस्क जंगली गौर (भारतीय बायसन) के बीच हुई एक भयंकर लड़ाई ने पर्यटकों को हैरान दिया। यह दुर्लभ दृश्य कैमरे में कैद हुआ है, जिसमें दो शक्तिशाली जानवर अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए पूरी ताकत से लड़ते नज़र आ रहे हैं। यह घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही है, जब जंगल के एक दूरस्थ हिस्से में दो नर गौर एक-दूसरे के सामने आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह लड़ाई काफी देर तक चली। दोनों विशालकाय जानवर अपने नुकीले सींगों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे, और उनके टक्कर की आवाज़ पूरे जंगल में गूंज रही थी। उनकी टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि पास की ज़मीन हिल गई और धूल का गुबार चारों ओर फैल गया

वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक, इस तरह की लड़ाई आमतौर पर प्रजनन के मौसम (मेटिंग सीजन) में होती है, जब नर गौर झुंड पर अपना प्रभुत्व साबित करने के लिए लड़ते हैं। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, ?यह एक बहुत ही दुर्लभ और स्वाभाविक दृश्य है। गौर आमतौर पर शांत और शाकाहारी जानवर होते हैं, लेकिन अपने क्षेत्र और साथियों की रक्षा के लिए वे बेहद आक्रामक हो जाते हैं।

लगभग आधे घंटे तक चली इस लड़ाई के बाद, एक गौर पीछे हट गया और दूसरे ने जीत हासिल की। यह घटना प्रकृति की अविश्वसनीय शक्ति और जंगली जानवरों के जीवन की कठोर सच्चाई को दर्शाती है।

## समेरिटंस के छात्र नीरज का राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समेरिटंस विद्यालय के स्काउट गाइड के छात्र नीरज अग्रवाल का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए हुआ है। ज्ञात रहे कि भारत स्काउट गाइड द्वारा प्रति वर्ष कुछ श्रेष्ठ स्काउट गाइड को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया जाता है। नीरज के चयन की जानकारी भारत स्काउट गाइड के प्रदेश कार्यालय द्वारा एक पत्र द्वारा हाल ही में विद्यालय प्रबंधन को दी गई। छात्र के चयन पर विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों, प्राचार्य प्रेरणा रावत, स्काउट शिक्षक लखन सोनी और गणेश भैंसारे सहित अन्य शिक्षकों ने नीरज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पिस्टल लहराने के आरोपी पहुंचे न्यायिक अभिरक्षा में, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



रविवार रात्रि नगर के सी-4 सिटी मॉल के सामने झगड़ा हुआ। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर देखा कि दो व्यक्ति आपस में लड़ रहे थे। जिनके हाथ में बंदूकनुमा हथियार थे व लोग भयभीत थे। आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार रात पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को पकड़ा तो लोहे की बनी पिस्टल रजत पुत्र राजेश शर्मा तारबहार सोहागपुर व आयुष पुत्र सुदर्शन गौर निवासी मंगवारी डोलरिया से बरामद की गई है। एएसआई गणेश राय के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया तथा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। घटना को लेकर आमजनों ने पुलिस से मांग की है कि इस तरह की घटनाएं ना हों। पुलिस द्वारा आश्वासन दिया गया है आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों एवं समूह बनाकर शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर में भय का माहौल बनाते तेज बाइकर्स पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जाएगी। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सोहागपुर पुलिस की प्राथमिकता है और रहेगी।

## कॉलेज में विद्यार्थियों को मिलेंगे रोजगार मूलक पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज में अब एमबीए, बीबीए व पीजीडीसीए पाठ्यक्रम सुविधा भी विद्यार्थियों को प्राप्त होगी। वर्तमान शिक्षा सत्र से ये रोजगार परक पाठ्यक्रम कॉलेज में शुरू किये गए हैं। कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, सोहागपुर शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल तथा प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा ने बताया कि बरकतउल्ला विवि से संबद्ध व एआईसीटीई अप्रूव्ड बीबीए, एमबीए व पीजीडीसीए कोर्स अब स्थानीय कॉलेज में भी कराए जाएंगे। शिक्षा समिति सोहागपुर के सचिव हमीर सिंह चंदेल के अनुसार एमबीए का पाठ्यक्रम फाइनेंस, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन मैनेजमेंट तथा बिजनेस एनालिस्ट स्ट्रीम्स में उपलब्ध रहेंगे। कॉलेज की ओर से इन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट अस्सिटेंस के साथ विशेषज्ञ परामर्श, मुफ्त कैरियर काउंसलिंग तथा छात्रवृत्ति सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## मतदान केंद्रों के प्रस्तावों पर विचार विमर्श हेतु बैठक कल

**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केन्द्रों का शतप्रतिशत भौतिक सत्यापन उपरांत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किये जाने के लिये प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। प्राप्त प्रस्ताव पर जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के जिला प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया जाना हैं। तत्संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला नर्मदापुरम से प्राप्त मतदान केन्द्रों के प्रस्तावो पर विचार विमर्श के लिए बैठक 20 अगस्त बुधवार को होगी।

## एसडीएम प्रतीक राव ने लिया जिला स्तरीय रोजगार मेला स्थल का जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला प्रशासन द्वारा शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य भवन में 20 अगस्त को 11 बजे से 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शासन के विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जाएंगे तथा रोजगार प्रदान करने हेतु 20 से अधिक कंपनियां आएंगी। तत्संबंध में 18 अगस्त 2025 सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी टी प्रतीक राव द्वारा मेला स्थल का जायजा लिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने उनको मेला संबंधी विद्यार्थियों की संख्या से अवगत कराया तथा मेला के सफल आयोजन हेतु उनके द्वारा प्रोफेसरों एवं कर्मचारियों को लेकर गठित 12 समितियों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट असिस्टेंट श्री धर्मेश तिवारी , महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विनोद कृष्ण, वाणिज्य विभाग के मुख्य डा सुरेश गुप्ता , सहायक प्राध्यापक डॉ जे पी चौरे, डॉ आशुतोष मालवीय एवं डॉ मनीष चौरे, प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग अधिकारी डॉ पवन कुमार अग्रवाल उपस्थित थे एसडीएम श्री राव ने विद्यार्थियों के लिए बैठने हेतु पर्याप्त सिटिंग व्यवस्था, चाय बिस्किट, पानी का इंतजाम, कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि रोजगार मेला की सूचना सभी जरूरतमंदों तक अवश्य पहुंचे।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से उनके भोपाल स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। नारोलिया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन ओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित कर मिठाई खिलाकर बधाई दी। नारोलिया ने इस अवसर पर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से विस्तार से चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## नपा अध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका परिषद द्वारा नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर में चहुंओर चल रहे निर्माण कार्यों का नपाध्यक्ष यादव द्वारा निरीक्षण कर उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया जाता है।

सोमवार को वार्ड नंबर 13 पार्षद वर्षा भंडारी के वार्ड में नपाध्यक्ष यादव द्वारा समेरिटंस से कुलामढ़ी रोड को जोड़ने वाली बन रही सड़क का निरीक्षण किया गया। साथ ही निर्माण एजेंसी को उच्चगुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क बनने से न केवल मुख्य सड़क का यातायात कम होगा बल्कि लोगों को आने जाने में भी कम समय लगेगा। निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के साथ पार्षद प्रतिनिधि अतुल भंडारी, उपयंत्री अंबक पाराशर, सचिन तोमर, समेरिटंस स्कूल की प्राचार्य प्रेरणा रावत आदि उपस्थित थे।

स्थानीय नागरिकों ने नपाध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सड़क निर्माण की मांग स्थानीय नागरिक कर रहे थे। इस सड़क के बनने से यहां के रहवासियों को काफी सहूलियत होगी।

## पर्यावरण संरक्षण संस्था ने किया पौधरोपण, दिया संरक्षण संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पर्यावरण संरक्षण संस्था की ओर से समूचे देश में हरित क्रांति अभियान में सघन पौधारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था के भोपाल संभागीय डायरेक्टर एवं सोहागपुर निवासी गोलू अग्रवाल के नेतृत्व में गत दिवस पौधारोपण किया गया है। गोलू अग्रवाल ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल की विशेष उपस्थिति में मां विजयासन पेट्रोल पंप परिसर में पौधारोपण किया गया है। पेट्रोल पंप के परिसर में छायादार तथा फलदार प्रजातियों के पौधे रोपे गए। गोलू अग्रवाल ने बताया कि आगामी समय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हरित क्रांति अभियानांतर्गत सघन पौधरोपण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। पौधरोपण कार्यक्रम दौरान नप सोहागपुर अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, पर्यावरण संरक्षण संस्था भोपाल संभागीय डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मोंटू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


### जिले में अब तक 959.5 मिमी वर्षा हुई दर्ज

# जुलाई माह में हुई औसत से ज्यादा बारिश, लेकिन अगस्त में पिछड़ा मानसून, औसत से कम हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में इन दिनों मानसून कमजोर पड़ गया है और आसमान से बरसने के बजाय सूरज ने तपिश बरसानी शुरू कर दी है। शहर में मार्च-अप्रैल जैसी चिलचिलाती धूप पड़ रही है। सुबह से ही धूप से लोग परेशान हो रहे है। बारिश की गैरमौजूदगी ने गर्मी और उमस को और बढ़ा दिया है। अधिकतम तापमान लगातार 32-33 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। सोमवार को भी सुबह से मौसम साफ रहा और तीखी धूप निकली हुई थी। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना जरूर जताई है, लेकिन फिलहाल राहत के कोई स्पष्ट संकेत नहीं हैं। रविवार को जिले में दिनभर तेज धूप रही। शाम के समय बादल छाए, लेकिन नर्मदापुरम शहर में बारिश नहीं हुई। हालांकि, केसला क्षेत्र में करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश दर्ज की गई। सोमवार को भी जिले में धूप और उमस बनी रही, जिससे आमजन का हाल बेहाल रहा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है, जिससे आने वाले दिनों में तेज बारिश की संभावना है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग की निगरानी में यह सिस्टम सक्रिय हो रहा है और 30 सितंबर तक जिले में अच्छी बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

#### पचमढ़ी का मौसम बना खुशनुमा



#### सूखा निकल रहा अगस्त

जिले में अब तक 959.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 919.6 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 17 अगस्त से 18 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.0 मिमी, सिवनीमालवा में 0.0 मिमी, इटारसी में 0.0 मिमी, माखननगर में 0.0 मिमी, सोहागपुर में 0.0 मिमी, पिपरिया में 1.0 मिमी, बनखेड़ी में 0.0 मिमी, पचमढ़ी में 1.2 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 938.90 फीट है, तवा जलाशय का 1162.30 फीट है, बरगी जलाशय का 420.20 मीटर एवं बारना जलाशय 347.52 मीटर दर्ज किया गया है।

## नंद बिहार कॉलोनी में हुआ भंडारा प्रसादी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय नंद बिहार कालोनी में कालोनी वासियों के द्वारा अखण्ड रामायण पाठ एवं भण्डारे का आयोजन जन्म अष्टमी के पावन पर्व पर किया गया। ज्ञातव्य हो कि कॉलोनी में निर्मित नंदेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण के बाद कालोनिवासियों के आपसी संवाद एवं पारिवारिक माहौल बनाने में मंदिर की अमह भूमिका रही है। समय समय पर इस मंदिर में कालोनिवासियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं इसी तारतम्य में 24 घंटे के अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। रामायण पाठ के समापन के उपरांत कॉलोनी में भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ सीताशरण शर्मा को भी आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम के आयोजन में नंद बिहार कालोनी के भागीरथ मीना हरगोविंद शुक्ला,दिलीप दीवान, देवांसु दीवान, कपिल मीना, दिनेश मीना आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एकादशी पर अनुष्ठान पूजन समारोह आज

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में 19 अगस्त दिन मंगलवार को शाम 5 बजे से अजा एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन तुलसी भवन में किया जाएगा। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि अजा एकादशी का हिंदू धर्म में बहुत अधिक महत्व है। इस व्रत के करने से राजा हरिश्चंद्र ने अपना खोया हुआ राज्य और पत्नी एवं पुत्र वापस पाए थे। इस व्रत को करने से इस जन्म के साथ ही पिछले जन्म के भी पाप नष्ट हो जाते हैं और सभी कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है।

### पोला उत्सव को लेकर बैठक संपन्न

**बैतूल।** स्व.रतनलाल साहू (कोल्हे) की स्मृति में गंज में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पोला उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। इस संबंध में समिति के नरेश चन्द्र साहू ने बताया कि 23 अगस्त, शनिवार को पोला मनाने को लेकर सभी को दायित्व सौंप दिए गए हैं। बैठक में व्यापारी संघ, बैतूल टेंट एसोसिएशन, मां कर्मा साहू समाज नगर समिति व पोला उत्सव समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 1.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 590.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 731.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 18 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 0.0, घोड़ाडोंगरी में 2.0, चिचोली में 0.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 10.0, प्रभात पट्टन में 0.0, आमला में 0.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.1 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## नपा कर रही सीमा विस्तार की तैयारी, आसपास के ग्रामीण क्षेत्र होंगे शामिल

# परिषद में मिली मंजूरी, जल्द शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बीते कुछ सालों में बैतूल शहर का तेजी से विस्तार हुआ है। एक तरह से देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्र और शहर आपस में मिल गए हैं, लेकिन इसका लाभ बैतूल नगरपालिका को नहीं मिल रहा है। यदि आबादी क्षेत्र बड़ोरा, गउठाना, सोनाघाटी, सोनाहिल कॉलोनी नगरपालिका सीमा में आ जाते हैं तो नगरपालिका की आय में वृद्धि होगी। वहीं नपा को निगम का दर्जा भी मिल सकता है। इससे शासन से मिलने वाली वित्तीय मदद में भी वृद्धि होगी।

दरअसल नगर पालिका ने शहर की सीमा विस्तार की योजना पर गंभीरता से काम शुरू कर दिया है। नगरपालिका का मानना है कि आस-पास के ऐसे क्षेत्र जो व्यावहारिक रूप से शहर से जुड़ चुके हैं, उन्हें नगर पालिका की सीमा में शामिल किया जाये, जिससे वहां के लोगों को शहरी सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

नगर पालिका की प्रस्तावित योजना के अनुसार, आसपास के पांच प्रमुख क्षेत्रों को जल्द नगर पालिका सीमा में जोड़ा जा सकता है। हालांकि नगरपालिका परिषद ने शहर की सीमा वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अगले चरण में सर्वेक्षण, जनमत और आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही पूरी की जाएगी। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद यह क्षेत्र नगर पालिका का हिस्सा बन जाएंगे।

### परिषद की बैठक में मिली मंजूरी

नगरपालिका परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम न केवल जनहित में है, बल्कि इससे प्रशासनिक कार्यक्षमता और विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी। यह निर्णय पूरी तरह से जनहित, शासनहित और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इन क्षेत्रों को शामिल करने का मुख्य उद्देश्य वहां के नागरिकों को शहरी सुविधाओं से सीधे जोड़ने, निकाय के राजस्व में वृद्धि करना और पंचायतों के विकास कार्यों में भी गति लाना है। जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शहरी सुविधाएं बेहतर तरीके से मिलेगी और नपा के भी राजस्वमें वृद्धि होगी।

### सीमा वृद्धि से यह होगा लाभ और संभावित असर

सीमा वृद्धि से नगरपालिका क्षेत्र में नये 5 क्षेत्र जुड़ जायेगे। नगर पालिका की अधिक टैक्स और शुल्क से आय बढ़ेगी। नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिलेगी और इन क्षेत्रों का विकास तेजी से होगा। हालांकि इससे पंचायतों का राजस्व प्रभावित नहीं होगा।

ग्राम पंचायतों की मूल संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा, केवल जनसंख्या में परिवर्तन होगा। पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए पर्याप्त जनसंख्या होगी। नगरीय निकाय के राजस्व में वृद्धि होगी। नागरिकों को सडक़, बिजली, जलापूर्ति, सीवरेज, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य शहरी सुविधाएं समय पर मिलेंगी। शहर से सटे क्षेत्रों का विकास, उनकी भौगोलिक और आर्थिक स्थिति के अनुरूप किया जा सकेगा।

### संभवतः सीमा विस्तार में यह क्षेत्र होंगे शामिल

नगरपालिका के सीमा विस्तार के तहत संभवतः शहर से सटी पांच क्षेत्र इसमें शामिल हो सकते है। जिसमें वर्तमान समय मरामझिरी पंचायत के अंतर्गत आने वाली सोनाहिल कॉलोनी और गउठाना के अंतर्गत आने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र शामिल किया जाएगा। इसके अलावा टेमनी पंचायत का खकरा जामठी वाला सम्पूर्ण क्षेत्र, सोनाघाटी शिव मंदिर तक का इलाका, जो वर्तमान में मरामझिरी पंचायत के अधिकार क्षेत्र में है और ग्राम पंचायत बडोरा का द्वारका नगर आठनेर रोड पर सापना नदी की पुलिया तक और बैतूल बाजार रोड पर जानी ढाबा पेट्रोल पंप तक का इलाका सीमा विस्तार होने से शामिल किया जा सकता है।

### राजस्व में होगी वृद्धि

भौगोलिक दृष्टि से बैतूल का विस्तार तेजी से हो रहा है। शहर ग्राम पंचायतों की सीमा तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए ही नगरपालिका ने सीमा वृद्धि का प्रस्ताव लिया है। परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी भी प्रदान कर दी गई है। सीमा वृद्धि होने से बैतूल नगरपालिका के राजस्व में वृद्धि होगी।

**सतीश मटसेनिया**, सीएमओ
नगरपालिका बैतूल

## एक का पैर टूटा, सांडिया टर्निंग पर हुआ हादसा

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



सोमवार दोपहर 2 बजे सांडिया टर्निंग पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक कपड़ा फेरी वाला हवलदार नायक है। टक्कर में उसका पैर टूट गया। अन्य दो घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई पहुंचाया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की स्थिति नाजुक है। गंभीर रूप से घायल तीनों को बैतूल रेफर किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों बाइक बहुत ही तेज गति में थी और अचानक से आमने-सामने आ गई। दोनों बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और आपस में टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। वहीं घायलों में दो लोग बेहोशी की हालत में थे। लोगों ने तुरंत संजीवनी 108 को इसकी सूचना दी। जिसके बाद संजीवनी 108 ने मौके पर पहुंचकर घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल लाया है। स्थानीय निवासियों दीपक पवार, गोलू ठाकुर का कहना है कि सांडिया टर्निंग पर संकरी सडक़ के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। दुर्घटना हुई बाइकों को जब्त किया गया है। वहीं घायलों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# समता एक्सप्रेस के जनरल कोच में हुई लूटपाट, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



समता एक्सप्रेस के जनरल कोच में रविवार को लूटपाट की एक गंभीर घटना सामने आई। आरपीएफ ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद किया है। बैतूल आरपीएफ थाना प्रभारी राजेश बनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि समता एक्सप्रेस संख्या 12807 के जनरल कोच में चार अज्ञात आरोपियों द्वारा एक यात्री कमलेश कुमार कुशवाहा के साथ मारपीट कर उससे रुपए छीनकर डोडरामोहर स्टेशन पर उतर जाने की सूचना उन्हें मिली थी।

उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ नागपुर मनोज कुमार एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त कुमार कुरूप का मार्गदर्शन लेकर उप स्टेशन प्रबंधक डोडरामोहर को सूचित कर ऑन ड्यूटी पॉइंट्समेन को स्टेशन पर कोई भी बाहरी संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर उन पर निगरानी रखने को कहा।

साथ ही पुलिस चौकी भौरा, आरपीएफ घोड़ाडोंगरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, सीआईबी आमला के उप निरीक्षक बदन सिंह मीणा, आरपीएफ आमला एवं जिला पुलिस बल के साथ ढोडरामोहार स्टेशन पर पहुंचे। श्री बनकर ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की घेराबंदी कर लूट की घटना में शामिल संदिग्ध चारों व्यक्तियों को पकड़ लिया।

# हत्या के प्रयास में 23 वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस ने हत्या के प्रयास के प्रकरण में 23 वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार थाना मुलताई में धारा 307,34 में फरार आरोपी हरिराम पिता मुकुंद पवार उम्र 54 साल, निवासी खम्भारा थाना मुलताई का फरार था।

इस प्रकरण में अन्य आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी थी, विगत 23 वर्षों से उक्त आरोपी फरार था, जिसकी तलाश जारी थी। घटना के समय उक्त आरोपी 22 साल का था। 18 अगस्त 2025 को मुखबिर से सूचना के आधार पर फरार आरोपी हरिराम पिता मुकुंद पवार उम्र 54 साल निवासी खम्बारा को गिरफ्तार किया गया। जिसे आरोपी को माननीय न्यायालय मुलताई में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक देवकरण डेहरिया, सहायक उप निरीक्षक प्रआर बलराम सरयाम, प्रआर सोनू ठाकुर, आरक्षक संजीत जाट, अरविंद पटेल, विवेक चौरे एवं सेवाराम की सराहनीय भूमिका रही।

## भौंरा में गूंजे कांग्रेस के नारे, निलय डागा का भव्य स्वागत

# कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष निलय डागा का प्रथम नगर आगमन सोमवार को गरिमामय स्वागत के साथ हुआ। भोपाल से बैतूल लौटते समय जैसे ही डागा जिले की सीमा वनग्राम धार पहुंचे, वहां पूर्व मंत्री प्रताप सिंह उइके एवं पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

इसके बाद भौंरा नगर में कांग्रेसजनों ने ढोल-ढमाकों और नारेबाजी के बीच जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। भौंरा में स्वागतकर्ताओं में शिवकुमार मालवीय, धनराज मालवीय, डॉ. महेश पाटनकर, राकेश साहू, दिनेश गोयल, ओमप्रकाश कवडक़र, राजेंद्र सिरोटिया, अशोक अग्रवाल, विवेक ठाकुर, पंकज मालवीय, दीपक वंशकार सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे। महिला कांग्रेस की ओर से जिला अध्यक्ष पुष्पा पेंड्राम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान नगर में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने डागा का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष निलय डागा ने कहा जिले की कांग्रेस एकजुट होकर जनता की आवाज बनेगी। संगठन की ताकत बूथ स्तर तक मजबूत की जाएगी। कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनता के विश्वास से ही कांग्रेस फिर से मजबूती के साथ खड़ी होगी। मैं पूरे दमखम के साथ संगठन को नई ऊर्जा दूंगा। सभी कार्यकर्ताओं से मेरा आह्वान है कि हम सब मिलकर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और जिले में पार्टी को फिर से सशक्त बनाएं।

# झंडा लगाने को लेकर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ता भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले की राजनीति सोमवार को उस समय गरमा गई, जब भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच झंडे लगाने को लेकर विवाद हो गया। नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के सोमवार को प्रथम नगर आगमन पर कारगिल चौक पर स्वागत के दौरान झंडे लगाने को लेकर यह विवाद शुरू हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि भाजपा पार्षद और युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश बड़ोनिया तथा कांग्रेस के शहर ब्लॉक अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया और कांग्रेस पार्षद उमाशंकर दीवान के बीच आपस में हाथापाई हो गई। सतीश बड़ोनिया ने आरोप लगाया कि कारगिल चौक पर शहीद स्मारक है और सरकारी स्थल पर बिना अनुमति स्वागत के झंडे लगाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने झंडा लगाने से रोका, तो कांग्रेस नेताओं ने गाली गलौज की और मारपीट की। दोनो दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झगड़ा शांत कराया। लेकिन घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेताओं में आक्रोश फैल गया। इस मामले को लेकर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, पार्षद आनंद प्रजापति सहित अन्य भाजपाइयों ने कोतवाली पहुंचकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके बाद पुलिस ने मोनू बड़ोनिया और उमाशंकर दीवान के खिलाफ मारपीट, अभद्रता और मध्यप्रदेश विरूपण निवारण अधि. की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। वहीं कांग्रेस नेताओं ने इन आरोपों का खंडन किया। मोनू बड़ोनिया ने बताया कि उन्होंने कोई अभद्रता नहीं की और स्वागत यात्राओं के दौरान झंडे-बैनर लगाना तो आम बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता उल्टा धमका रहे थे और तिरंगे का अपमान किया जा रहा था। वहीं शाम को स्वागत रैली के बाद नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा ने कोतवाली पहुंचकर इस मामले पर अपना कड़ा विरोध जताया और थाने में ही धरने पर बैठ गए।

## सोशल मीडिया समाज जागरण का सशक्त माध्यमः कौशलेश तिवारी

# संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर सोशल मीडिया एक्टिविस्टों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बैतूल द्वारा जिले के सक्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, जिनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूबर, पेजमेकर, ब्लॉगर, कंटेंट क्रिएटर और एक्टिविस्ट शामिल रहे, के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस संवाद का उद्देश्य राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सोशल मीडिया पर भारत, हिंदुत्व और संघ के बारे में सकारात्मक जानकारी प्रसारित करना तथा समाज को तोड़ने वाली नकारात्मक सामग्री का प्रतिकार करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्चन से किया गया। इस अवसर पर संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता बंटी पेसवानी (संचालक सृष्टि कंप्यूटर बैतूल) ने की। मुख्य वक्ता प्रांत सोशल मीडिया आयाम प्रमुख मध्यभारत कौशलेश तिवारी रहे। नरेश लहरपुरे जिला प्रचार प्रमुख भी उपस्थित रहे। अतिथि परिचय जिला सोशल मीडिया आयाम प्रमुख जयप्रकाश लोखंडे ने कराया। अतिथियों का स्वागत मिथलेश बारस्कर जिला जागरण पत्रिका प्रमुख और बल्लू सोनी नगर प्रचार प्रमुख ने किया। मुख्य वक्ता कौशलेश तिवारी ने संघ की विकास यात्रा और वर्तमान वैचारिक विमर्श पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सोशल मीडिया समाज जागरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, तीज-त्योहार, लोककला, पर्यावरण, भारतीय परिवार और समाज जागरण जैसे अनेक विषयों पर कंटेंट निर्माण के लिए इन्फ्लुएंसर्स को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तरी हुई जिसमें सोशल मीडिया एक्टिविस्ट की विमर्श निर्माण में भूमिका पर चर्चा की गई। साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष में पंच-परिवर्तन संबंधी कंटेंट को अधिक से अधिक प्रचारित करने का आग्रह किया गया।

संवाद की प्रस्तावना नरेश लहरपुरे ने रखी। उन्होंने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षभर होने वाले कार्यक्रमों जैसे बस्ती/मंडल संचलन, व्यापक गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, सामाजिक सद्भाव बैठकें, प्रमुख जन गोष्ठी और अधिकतम स्थानों पर शाखा विस्तार की जानकारी दी।

## बैतूल के पूर्व सांसद सुभाष आहूजा का निधन

# सादगी, संघर्ष और जनसेवा का अनुपम उदाहरणः सुभाष आहूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुभाष आहूजा का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। आहूजा 75 साल के थे। स्व. आहूजा की अंतिम यात्रा उनके निवास ताप्ती टावर कॉलेज रोड, बैतूल से निकाली गई। उनकी पार्थिव देह भाजपा कार्यालय विजय भवन में रखी गई, जहां अंतिम दर्शन कर भाजपा कार्यकर्ता और आमजन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उनका अंतिम संस्कार गंज मुक्तिधाम पर किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने बताया कि जिले के सभी विधायक भी अंतिम यात्रा और श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। सुभाष आहूजा का जन्म 30 मार्च 1950 को हुआ था। श्री आहूजा का व्यक्तित्व एक साधारण परिवार से निकले उस युवा का प्रतीक है, जिसने छात्र राजनीति से ही अपनी पहचान बनाई। जयवंती हक्सर शासकीय महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष के रूप में उन्होंने राजनीति की पहली सीढ़ी चढ़ी और उस समय युवाओं के बीच अपनी अलग जगह बनाई। छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले आहूजा 1975 में जब आपातकाल जैसे कठिन समय में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा था, उस दौरान मीसा बंदी बने और 19 महीने जेल में रहे। आपातकाल हटने के बाद 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में बैतूल से लोकसभा चुनाव जीता और दिग्गज कांग्रेस नेता एन.के.पी. साल्वे को हराया। उस समय वे 27 वर्ष की उम्र में संसद के सबसे युवा सांसद बने थे। उन्होंने साहस और संघर्षशीलता से राजनीति की पहली सीढ़ी चढ़ी और युवाओं के बीच अपनी अलग जगह बनाई।

## हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचेः सीईओ

सेवा केन्द्रों की स्थापना के लिए शासकीय भवन चिन्हित करें

# जिपं सीईओ ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में संचालित सभी योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचना अनिवार्य है।

योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब लाभार्थी सीधे तौर पर लाभान्वित हों। सीईओ जैन ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के पट्टों को अपडेट कर नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण करें। साथ ही एफआरए पट्टा धारक को पीएमएफएमई, केसीसीसी, पीएम गरीब कल्याण योजना, वन अधिकार अधिनियम, धरती आबा योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी जनपद सीईओ को धरती आबा योजना में वंचित गांवों की बस्तियों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के आईएफएमएस पोर्टल पर समग्र लिंकिंग कराए जाने के भी निर्देश दिए।



### ब्लॉक मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश

आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा के दौरान सीईओ श्री जैन ने राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए जिले के मास्टर्स ट्रेनरों से ट्रेनिंग संबंधी जानकारी ली। उन्होंने सभी जिला स्तरीय ट्रेनर्स को ब्लॉक के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त को आयोजित ग्राम सभाओं में चयनित किए गए आदि सहयोगी और आदि साथी के नाम, नंबरों की सूची उपलब्ध कराए जाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिए आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना के लिए शासकीय तथा पंचायत के भवन चिन्हित किया जाए और यहां साप्ताहिक एक घंटे की जनसुनवाई का सिस्टम भी लागू किया जाए। इसके अलावा उन्होंने क्लस्टर वार गांवों की जानकारी एसी ट्राईबल को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग में संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर हितग्राही को लाभांवित किए जाने के निर्देश दिए।

### विभागीय कर्मचारियों के सुरक्षा बीमा कराए जाएं

सीईओ श्री जैन ने जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा जनधन खाते की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों का जीवन ज्योति बीमा तथा सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया जाए। शेष कर्मचारियों के आवेदन भरकर एलडीएम को भेजने के निर्देश दिए।

कार्यालय नगर परिषद, भैंसदेही जिला-बैतूल
क्र./न.पं /2025/786 भैंसदेही, दिनांक 14/08/2025
15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व की समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



श्री मनीष सोलंकी, अध्यक्ष, नप. भैंसदेही
श्रीमति कुसुमसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष, नप. भैंसदेही
सुश्री रीनासिंह राठौर, सीएमओ, नप. भैंसदेही
पार्षदगण- जयसिंग कापसे वार्ड क्र. 1, कृष्णा पिपरदे वार्ड क्र. 3, निर्मला महाले वार्ड क्र. 4, प्रीता सिंह कौशिक वार्ड क्र. 5, लीला गोलू राठौर वार्ड क्र. 6, सुषमा प्रजापति वार्ड क्र. 7, ब्रम्हदेव कुबडे वार्ड क्र. 9, तारा पाल वार्ड क्र.10, आशुतोष राठौर वार्ड क्र.11, सुरजित सिंह ठाकुर वार्ड क्र. 12, महेश थोटेकर वार्ड क्र. 13, उर्मिला मोहरे वार्ड क्र.14, परि विन्ध्यानी वार्ड क्र. 15
अपील- 1.समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। 2. नलो में टोटियां अवश्य लगावें पानी का दुरुपयोग न करें। 3. नगर को साफ एवं स्वच्छ बनायें रखें। 4. कचरा वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देवें। 5. खुले में शौच ना करे और न करने दे। 6. अपने घरो एवं दुकानो का कचरा सड़क एवं नाली में ना डाले। 7. जन्म-मृत्यु व विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य करावें 8. आजादी के महापर्व पर देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को नमन है।

संक्षेप खबर

## शंभू दरबार सोहागपुर में मनाया जन्माष्टमी उत्सव



**सोहागपुर।** जन्माष्टमी का पर्व श्री शंभू दरबार, पलाश परिसर सोहागपुर में गत दिवस धूमधाम से मनाया गया। रात्रि नौ बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित भजन गायक संतोष रामायणी सहित स्थानीय गायकों संजय तिवारी, सुशील शर्मा, एजाज खान, शैलेंद्र श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति दी। अनिल ठाकुर ने ढोलक पर साथ दिया। मध्य रात्रि ठीक 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आध्यात्मिक गुरु और साधक पं. प्रकाश मुदगल की उपस्थिति में ब्राह्मण विद्वान वैद्यजी शास्त्री, गौरीशंकर शास्त्री व गौरव शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। इसके तुरंत बाद ₹नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की₹ के जयकारों से शंभू दरबार गूंज उठा। इस अवसर पर नगर के भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। भजन संध्या का विश्राम प्रातः चार बजे हुआ।

### विधायक के नेतृत्व में एसपी से मिले भाजपाई, की कानून व्यवस्था में सुधार की मांग

# कागजों के अलावा मैदान पर भी दिखे सोशल पुलिसिंग: विधायक विजयपाल

सुरक्षा व्यवस्था सुधारें, क्योंकि अपराध बढ़ रहे हैं। सोशल पुलिसिंग मात्र कागजी ना रहे, इस पर मैदानी काम भी हो। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने नर्मदापुरम एसपी डॉ. गुरुकरण सिंह से सोमवार दोपहर कही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था सुधारें, क्योंकि अपराध बढ़ रहे हैं। सोशल पुलिसिंग मात्र कागजी ना रहे, इस पर मैदानी काम भी हो। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने नर्मदापुरम एसपी डॉ. गुरुकरण सिंह से सोमवार दोपहर कही है। दरअसल एसपी डॉ. सिंह से भेंट करने भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सोहागपुर से पहुंचा व विधायक ने वार्ता का नेतृत्व किया।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि लंबे समय से सोहागपुर में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। जुंआ तथा सट्टा कारोबार तेजी से सिर उठा रहा है व गांव-गांव में अवैध शराब बिक रही है।



पुलिस के स्थानीय अधिकारियों से आग्रह के बाद भी आपराधिक गतिविधियों पर रोक नहीं लगने पर भाजपा के क्षेत्रीय प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सिंह के नेतृत्व में नर्मदापुरम एसपी डॉ. सिंह से सोमवार दोपहर भेंट की व पुलिस से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर लंबी व गंभीर चर्चा हुई है। एसपी डॉ. सिंह ने मांग अनुरूप व्यवस्था सुधार पर सोहागपुर अनुविभाग के अधिकारियों से चर्चा का आश्वासन दिया है। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह तथा भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज सहित भाजपा मंडल प्रतिनिधि विजय छाबड़िया, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, शंकरलाल मालवीय, भगवत रघुवंशी, मंडल कोषाध्यक्ष सौरव सोनी, भगवान सिंह पटेल, रामबाबू रघुवंशी, जगदीश अहिरवार, रविशंकर उईके, संजय मेहरा, वसीम खान आदि उपस्थित थे।

### करनी पड़ी भेंट

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल को विधायक के नेतृत्व में एसपी से भेंट दरअसल करनी पड़ी। क्योंकि रविवार रात स्थानीय सी 4 सिटी मॉल के सामने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध हथियार लहराए व दिखाए गए। इससे नागरिकों में भय व्याप्त हो गया तथा नाखुश भाजपाई बड़ी संख्या में रविवार रात ही पुलिस थाने पहुंचे। जहां एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी के समक्ष भाजपाईयों ने अपराधियों के बढ़ते हौसलों पर नाराजगी जता चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो भाजपाई धरना प्रदर्शन करेंगे। यदि सत्तापक्ष के कार्यकर्ताओं को पुलिस के डंडे खाने पड़े तो वे क्षेत्र को अपराध मुक्त करने के लिए इससे भी पीछे नहीं हटेंगे। भाजपाईयों का रोष कम नहीं हुआ, जिसे उन्होंने एसपी के समक्ष सोमवार को व्यक्त किया है।



## सब्जी मंडी में कचरा फेंकने वाले को मिलेगा नोटिस

### सभापति जाधव ने किया सब्जी मंडी में सफाई का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद में स्वच्छता विभाग के सभापति राकेश जाधव ने सोमवार सुबह सब्जी मंडी का निरीक्षण करके यहां की सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिये।

आज सुबह सब्जी मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे श्री जाधव ने सफाई कर्मचारियों को हिदायत दी कि मंडी क्षेत्र नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा स्थान है, इसलिए सफाई में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कुछ सब्जी विक्रेताओं के सफाई के बाद सड़क पर कचरा डालने की शिकायत पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं एक व्यक्ति द्वारा मंडी में गोबर फेंकने की शिकायत पर जुर्माने की कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी कमल आर्य और मुकद्दम विजय सिंह राजपूत मौजूद रहे।

## कॉलेज में चलाया जा रहा एड्स जागरूकता अभियान




**पचमढ़ी।** राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सौजन्य से 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एचआईवी /एड्स कारण एवं बचाव विषय पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर के मार्गदर्शन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा एचआईवी/ एड्स के कारण एवं बचाव विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अधिक से अधिक जन जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम में डॉ सत्यप्रकाश पटेल, डॉ अनुज डोनीवाल, सुरेश कुमार दहीकर, रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खरीदी पोर्टल नहीं चढ़ी तो किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन शुरू

### कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई और पोर्टल कर दिया गया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



समर्थन मूल्य पर मूंगखरीदी को लेकर बनखेड़ी विकासखंडके पडरखा स्थित अनंत वेयरहाउसमे मूंग की खरीदी की जा रही थी। 25 जुलाई तक अमानकमूंग की खरीदी होने की सूचना पर अधिकारियों के द्वारा वेयरहाउस को सील कर दिया गया। उसके बाद रामपुर मैंशिखर पलिया वेयरहाउस मे अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव के द्वारा मुंग खरीदी केंद्र बनाया गया था। राजेश शर्मा देवगांव सेवा सहकारी समिति को खरीदी सौंपी गई थी। जिसमें दो रविवार एवंशनिवार होने के कारण तुलाई नहीं हुई। इस कारण से 25जुलाई से ५अगसत तक का समय शासन ने निर्धारित किया गया था।इस बारे जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने संचालक किसान कल्याण भोपाल को पत्र लिखकर ८/८/२०२५तक दिनांक होनेकोलेकर पत्र लिखा था। लेकिन उसके बाद भी शासन मध्यप्रदेश सरकार ने पोर्टल बंद कर दिया। इसलिए लगभग 42 किसान की मूंग पोर्टल पर नहीं चढ़ पाई है।इस बात को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने सोमवार को मंगलवारा चौराहे पर धरना प्रदर्शनकिया है। जिसमें गेंदीलाल पटेल जितेन्द्र भार्गव विनोद चौरसिया सहित लगभग १२किसान धरने पर बैठे इस दौरान किसान नेता सतपाल पलिया एवं नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर भी धरना स्थलपहुचे। किसानों का समर्थन किया तथा सरकार एवं शासन से किसाने की समस्या हल करने का भी निवेदनकिया। उन्होंने कहा कि किसानों की मूंग खरीदी पोर्टल पर दिखाई जावे।इस बारे में वेयरहाउससंचालक शिखर पलिया ने बताया समय कम दिया गया था फिर भी ५अगसत शाम ७:*०तक लगभग १२०००किसानो की खरीदी की गई तथा पोर्टल पर चढ़ाई गई है।

देवगांव सेवा सहकारी समिति प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के दारा भोपाल से 5 अगस्तको शाम 7:30 बजे पोर्टल बंद कर दिया गया था। जिसके कारण प्रबंधक या स्थानीय शासनकुछ नहीं कर पा रहे हैं। जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने कहा कि उन्होंने संचालक किसान कल्याण भोपाल को पत्र लिखकर अवगत कराया जिससे ८/८/२५तक दिनांक बढ़ाने की बात कही गई थी।पर उसके बाद भी कोईठोस कार्यवाही नहीं हुई है। जबकि सलाटबुक कराने के लिए जिले में ८६१५किसान वाकी है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने बताया कि उनकी मूंग भी इंद्रेश वेयरहाउस संचालक एवं सर्वेयरने वगेरह पैसे के खरीदी नहीं होपाई है। वेयरहाउस की जांच कराई जाए नहीं तो महिला जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अध्यक्ष सदस्य धरने पर बैठेंगे।

## न्यास कॉलोनी में भूमि पूजन समारोह: विकास की नई दिशा वार्ड की महिलाओं ने विधायक का पुष्प वर्षा से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लगातार बदलते स्वरूप और विकास कार्यों से प्रगति की ओर अग्रसर न्यास कॉलोनी में सोमवार 18 अगस्त को भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। माननीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चोरे के करकमलों से कुल लगभग 39 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ।

### प्रमुख विकास कार्यों में शामिल हैं

साईं मंदिर ग्राउंड में पार्क निर्माण – 8 लाख, पत्रकार अरविंद शर्मा के निवास के सामने बालक पार्क एवं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण – 15 लाख, वार्ड 14 एवं 12 में दो आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण – 16 लाख शामिल हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 39 लाख की राशि व्यय की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि न्यास कॉलोनी वर्षों से अपेक्षा का शिकार रही, किंतु



अब लगातार हो रहे विकास कार्यों ने इसे एक आदर्श बस्ती की ओर अग्रसर कर दिया है।

उन्होंने उल्लेख किया कि आज बड़े नाले पर लगभग 22 लाख की लागत से पक्के निर्माण कार्य की भी शुरुआत हुई है। इससे कॉलोनी में स्वच्छता और जल निकासी की बड़ी समस्या का समाधान होगा।

### विधायक डॉ. शर्मा ने कहा

"न्यास कॉलोनी को सर्वश्रेष्ठ कॉलोनी बनाने का जो सपना हमने देखा था, वह धीरे-धीरे साकार हो रहा है। सभी गार्डनों में बुजुर्गों के लिए बैठने की कुर्सियाँ एवं बच्चों के लिए खेल सामग्री व झूले लगाए जाएंगे।"

### नपाध्यक्ष बोले


यह कार्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास है। हमारी प्राथमिकता खेल, शिक्षा, स्वच्छता और बच्चों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।"

### महिलाओं का उत्साह

गिरते पानी के बीच भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पुष्प वर्षा कर माननीय अतिथियों के प्रति आभार और खुशी व्यक्त की। इस अवसर को महिलाओं ने उत्सव जैसा बना दिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा, इंजीनियर मीनाक्षी चौधरी, इंजीनियर सोनी अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चोरे, महामंत्री शैलेंद्र दीक्षित, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, पार्षद सभापति गीता पटेल, पार्षद जिम्मी कैथवास, पार्षद अमित विश्वास, पार्षद कुंदन गौर, ठेकेदार पुनीत मालवीय आदि मौजूद रहे।

## व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के 101 वें जन्मदिन पर जमानी आएंगे ख्यात व्यंग्यकार संपत सरल, नाटक का होगा मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मशहूर व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के 101 वॉ जन्म दिवस 22 अगस्त को उनके गृहग्राम जमानी में मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों की जानकारी देने ईश्वर रेस्टोरेंट में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता भूपेन्द्र गुप्ता, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय भी उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के अहम सदस्य पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने इस कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री परसाई के जन्मदिन पर कार्यक्रम की शुरुआत में जबलपुर के विवेचना मंच द्वारा निठल्ले की डायरी नाटक का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मशहूर व्यंग्यकार संपत सरल भी शामिल होंगे। आयोजन समिति के संयोजक हेमंत दुबे ने बताया कि हरिशंकर परसाई के 101 वे जन्मदिवस पर 22 अगस्त 2025 को सुबह 10 बजे से श्रद्धांजलि के उपरांत विवेचना रंग मंडल जबलपुर के ख्यात नाम कलाकारों द्वारा परसाई की रचनाओं पर आधारित हास्य व्यंग्य नाटक 'निठल्ले की डायरी का मंचन सुप्रसिद्ध नाट्य निर्देशक नवीन चौबे के निर्देशन में मंचित किया जाएगा। इस वर्ष का परसाई की जन्मभूमि जमानी की ओर से दिया जाने वाला हरिशंकर परसाई सम्मान इसी नाटक के निर्देशक नवीन चौबे को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे सत्र में इसी सभा में भारत के सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्यकार कवि 'संपत सरल अपनी व्यंग्य रचनाओं का पाठ करेंगे। परसाई पर लिखी किताब काल के कपाल पर हस्ताक्षर के लेखक राजेन्द्र चंद्रकांत राय इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, गुरदीप सिंह, भूपेंद्र गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।श्री दुबे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश भर से परसाई के अनुयायी आ रहे हैं। दुबे ने नगर एवं जिले के साहित्यप्रेमियों और परसाई को पसंद करने वालों से भी आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## नेताजी को भूले अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

**पिपरिया ।** ंगलवारचौराहे नेता सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमाके सामने प्रतिवर्ष नगर मंडल अध्यक्ष के द्वारा लगातार ध्वजारोहणकिया जाता है। उसके बाद उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समीप पहुंचकर माल्यार्पण करतेहै। लेकिन इस बार १५ 15 अगस्त 2025को मंगलवारचोराहेपर पाया गया कि शासन के अधिकारियों कर्मचारियों ने एवं सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नेता जी को भूलकर कोई व्यवस्थानही की ना ही माल्यार्पणकिया और अपनीगाड़ियों में बैठकर निकले इस बारेमे अनु अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित तमाम अधिकारीसे चर्चा करनीचाही तो उनके द्वारा कोई जबाब नहीं दिया गया।

## गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा संचालित भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजर वाड़ा में तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें कौशलेष प्रताप तिवारी संभाग समन्वयक, पवन सहगल जिला समन्वयक, नरेन्द्र देशमुख विकासखंड समन्वयक ,स्वतंत्रता सेनानी वर्मा परिवार दीपक वर्मा , कैलाश भगोरिया समर्थ सहारा न्यूज, नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव, सचिव मनोज परसाई, साहिल तिलोटिया,परामर्शदाता सुरेश यादव,जनपद पंचायत माखन नगर उपाध्यक्ष लालचंद यादव, जनपद पंचायत माखन नगर सभापति जितेन्द्र मीना, भगवानदास यादव जनपद प्रतापयादव सरपंच धरमदास साधराम पुष्पेन्द्र पटेल,फूलचंद वर्मा, प्रकाश सम्राट, अजय गर्ग, वीरेंद्र यादव, सतीश यादव, प्रदीप यादव, चंद्र मोहन यादव, रीता यादव, यशोदा यादव, वैशाली चौरे, रक्षा, पायल, दुष्यंत यादव, शुभम गोस्वामी, गुलाब यादव मनोज मालवीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने की भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना

# भगवान श्रीकृष्ण का गीता ज्ञान हमें कर्म का मार्ग दिखाता है: राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर स्थित जगदीश मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्णा पर्व एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए और भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। इस दौरान विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन की ओर से आए भजन गायक श्री अनुराग त्रिपाठी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर केंद्रित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, कर्तव्य और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें उनके जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि जीवन के हर संघर्ष का समाधान धैर्य, नीति और प्रेम से किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक भगवान नहीं, बल्कि एक जीवन शैली हैं, जिनके हर चरण में प्रेम, करुणा, धर्म और निष्काम कर्म का संदेश छिपा है। उनका जीवन हमें कर्मयोग और न्याय की राह दिखाता है। आज के समय में अनेक चुनौतियों और संकटों का सामना करने में गीता ज्ञान हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर सन्नी महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

## जिले में ड्रॉपआउट को रोकने के लिए कलेक्टर की पहल पर प्रारंभ किया गया है शिक्षा गूंज नवाचार



**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम जहांगीरपुरा में आयोजित मध्यान भोजन कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल-कॉलेज से ड्रॉपआउट को रोकने के लिए किए जा रहे नवाचार के तहत विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए।

कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा जिले में विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट को कम करने के लिए शिक्षा गूंज नामक नवाचार किया गया है। इस नवाचार के तहत विभिन्न गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों तथा उनके परिजनों को आगे की पढ़ाई जारी रखने और अगली कक्षा में एडमिशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में शत-प्रतिशत एडमिशन हों और कोई भी बच्चा शिक्षा से ड्रॉपआउट न करे। इस के तहत जिले के कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों को कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। इस नवाचार का परिणाम यह हुआ है कि पहले जिले में शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में ट्रांजेक्शन गेप 46344 था, जो अब मात्र 12,997 रह गया है। इस नवाचार के तहत इस ट्रांजैक्शन गैप को कम करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस नवाचार के तहत ऐसे बच्चे जो किसी कारण से आगे की पढ़ाई जारी नही रख पा रहे हैं, उनके लिए आगे की योजना बनाई जा रही है।

## खबर संक्षेप



### राज्यस्तरीय शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम 30 को

**हरदा।** शिक्षक दिवस के लिए राज्यस्तरीय शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम 30 अगस्त को भोपाल में आयोजित किया जाना है। जिला स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में सोमवार को किया गया। जिसमें जिले के तीनों विकासखंड से पुरुष एवं महिला प्रतिभागी शामिल हुए। जिनमें पुरुष वर्ग में नितिन कुमार सोनी उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा और महिला वर्ग में अंजू भारद्वाज टिमरनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये प्रतिभागी अब राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी,उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य संतोष कुमार यादव, महेंद्र कुमार सिरोही प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय रहटगांव , डॉक्टर मंडलेकर पी एम श्री विद्यालय हंडिया निर्णायक की भूमिका में रहे।

### 24 घंटों में जिले में 4.2 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 3.8 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 1.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 16 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 680 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 610.1 मि.मी., टिमरनी में 879.4 मि.मी., खिरकिया में 764.3 मि.मी., सिराली में 555.1 तथा रहटगांव में 591.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 18 अगस्त तक 657.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### रोजगार मेले में 21 युवा का प्राथमिक चयन

**हरदा।** मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को ग्राम पंचायत भवन हंडिया में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों ने सहभागिता की । मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा सहभागिता की गई। रोजगार मेले में 54 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमे से 21 युवको को विभिन्न कंपनियो व संस्थाओं द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिये चयनित किया गया। मेले में म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट, प्रभारी विकासखंड प्रबंधक देवीसिंह तेकाम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

---

जिला भारतीय किसान संघ के साथ बैठक के बाद की अपील

# किसान रबी फसल के लिए उर्वरक का अग्रिम भंडारण न करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि रबी फसल के लिए उर्वरक का अग्रिम भंडारण न करें। उन्होंने बताया कि जिले में खाद्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कलेक्टर जैन सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित किसान संघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर जैन ने बताया कि उर्वरक का वितरण सोसाइटियों के माध्यम से कराया जाएगा। कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में किसान संघ के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में किसान संघ के पदाधिकारियो ने कलेक्टर जैन को विद्युत कटौती, उर्वरक वितरण सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी को5 में विद्युत कनेक्शनयोजना का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी ने बताया कि जिले में क्षतिग्रस्त फूलों को बदलने का कार्य जारी है। करताना, सिराली व टिमरनी में नए पोल लगाए जा रहे हैं।

#### विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

भारतीय किसान संघ जिला हरदा की वृहद बैठक जिलाध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में सभी विभागों के विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। जिसमें सभी विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की माँग संगठन द्वारा की गई। जिसमें बिजली, सिंचाई, खाद, कृषि, सड़क, मंडी, राजस्व, संबंधित सभी समस्याओं को विधिवत भारतीय किसान संघ द्वारा संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा गया। जिस पर संबंधित अधिकारियों के स्तर की सारी समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया गया। साथ ही जिलास्तर से ऊपर की समस्याओं को शीघ्र निराकरण का कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया।

#### खाद सहकारी समितियों से ही वितरण किया जाएगा

साथ ही आगामी सोयाबीन एवं मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था अभी से की जावे एवं खाद वितरण की व्यवस्था संबंधित सहकारी समितियों के माध्यम से की जाय ऐसी मांग की। जिस पर कलेक्टर द्वारा आश्वस्त किया गया आगामी रैक से जो खाद आएगा उसे सहकारी समितियों के माध्यम से ही वितरण किया जाएगा। संगठन द्वारा मांग की गई आगामी रबी सीज़न के लिए डी ए पी की उपलब्धता अभी से कराई जाए। इसी प्रकार सभी विभागों से संबंधित मांगों का निराकरण किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष महेश शर्मा,मंत्री विजय मलगाया, योगेंद्र भांभू,शैतान सिंह राजपूत,विनोद पाटिल,श्याम पाटिल, दीपचंद नवाद, ब्रजमोहन राठौर,राजेंद्र बांके,कैलाश गुर्जर,कैलाश जलावड़ा,राजनारायण गौर, रामकृष्ण मुकाती ,विष्णु प्रसाद गौर,सहित सभी तहसीलों के अध्यक्ष मंत्री उपस्थित रहे।

---



स्कूलों में विधिक साक्षरता शिविर

## कानूनी जागरूकता बच्चों के बहुमुखी विकास हेतु आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार को तक्षशिला एकेडमी, द फाउंडेशन ऑफ ऐज्युकेशन तथा माँ शारदा विद्या मंदिर स्कूल हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं जो नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हैं। मौलिक अधिकार व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक हैं। वहीं, मौलिक कर्तव्य नागरिकों के सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के तहत पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी गई।

उन्होंने बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर, पत्र के माध्यम से, नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर, 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता सलाह आसानी से प्राप्त कर सकता है।

---

नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## दाम के नहीं कृष्ण नाम के धनी थे सुदामाः पं. राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास पं. राजेश शर्मा ने रुक्मणी विवाह व सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाई, जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गए। कथा उन्होने कहा कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मणी बुद्धिमान, सुंदर और सरल स्वभाव वाली थीं। पुत्री के विवाह के लिए पिता भीष्मक योग्य वर की तलाश कर रहे थे। राजा के दरबार में जो कोई भी आता वह श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की प्रशंसा करता। कृष्ण की वीरता की कहानियां सुनकर देवी रुक्मणी ने उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया।

#### सुदामा ब्राह्मण रीति के अनुसार भिक्षा मांग कर करते थे

श्री कृष्ण और सुदामा के जीवन का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे। श्री कृष्ण से उनकी मित्रता ऋषि संदीपनि के गुरुकुल में शिक्षार्जन के समय हुई। सुदामा अपना व पत्नी तथा बच्चे का भरण पोषण ब्राह्मण रीति के अनुसार भिक्षा मांग कर करते थे। सुदामा इतने में ही संतुष्ट रहकर हरि भजन करते रहते थे। एक दिन वह अपनी पत्नी के कहने पर सहायता के लिए द्वारकाधीश श्री कृष्ण के पास गए। उनकी दशा देखकर तीनों लोकों के स्वामी के आंखों से आंसू आ गए। उन्होंने अपने मित्र सुदामा की सेवा करके उन्हें वहां से विदा कर दिया। जब सुदामा जी अपने नगर पहुंचे तो उन्होंने पाया की उनकी टूटी-फूटी झोपड़ी के स्थान पर सुन्दर महल बना हुआ है। सुदामा चरित्र की कथा के दौरान मंदिर में मौजूद लोग भावुक हो गये वहीं कथा व्यास ने राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा को भी विस्तार से सुनाया। कथा समापन पर भागवत आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया

---

शासकीय महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत जर्जर है

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शासकीय महाविद्यालय के लिए भवन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



एबीवीपी द्वारा शासकीय महाविद्यालय में ज्ञापन सोपा गया नगर मंत्री निखिल कैथवास ने बताया की वर्तमान में हमारे शासकीय महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत जर्जर है। भवन की छत कवेलू की होने से वर्षा के समय निरंतर पानी टपकता रहता है, जिससे कक्षाओं का संचालन एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है। साथ ही महाविद्यालय के समीप शराब की दुकान होने के कारण शैक्षणिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

नवीन महाविद्यालय के निर्माण के लिए कराई गई जिसका निर्माण होने में 2 वर्ष तक लग सकता है अत विद्यार्थी परिषद द्वारा मांग की गई की शासकीय महाविद्यालय को 2 वर्ष तक किसी अन्य व्यवस्थित स्थान पर सुचारू रूप से लगाया जाए चार दोनों के भीतर मांगे पूरी न होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा ज्ञापन के दौरान नगर उपाध्यक्ष यश प्रजापत, नगर मंत्री देवेंद्र लूनिया, महाविद्यालय प्रमुख धीरज उमरिया, कार्यालय मंत्री आयुष वर्मा, अनुज बघेल, आदित्य खरका आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

मौसम दिखा रहा अलग अलग रंग

## अगस्त में घने कोहरे के लिहाफ में लिपटा दिखा शहर विजिबिलिटी 50 मीटर रही, 6 डिग्री लुढ़का तापमान

**सीहोर।** रविवार सुबह चारों ओर घना कोहरा छा गया। अगस्त माह में आमतौर पर तेज धूप और बारिश का दौर रहता है, लेकिन इस बार ठंडी हवा और नमी ने मिलकर मौसम को दिसंबर-जनवरी जैसा बना दिया। लोगों ने कहा कि पहली बार अगस्त में इतनी घनी धुंध देखी है। विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर रह गई, जिससे सुबह के समय यातायात प्रभावित हुआ।

**तापमान में 6 डिग्री की गिरावट :** शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री से घटकर 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से घटकर 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। तापमान में यह गिरावट कोहरे और लगातार बढ़ रही नमी के कारण आई है।

**24 घंटे में सबसे ज्यादा आष्टा में हुई 22 मिमी बारिश :** सीहोर जिले में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा वर्षा आष्टा में 22 मिमी दर्ज की गई, जबकि रेहटी में 18.4 मिमी और सीहोर में 17.3 मिमी बारिश हुई। श्यामपुर व इछावर में 12-12 मिमी, भैंसदेही में 11 मिमी और जावर में केवल 2.2 मिमी वर्षा हुई। वहीं बुधनी में कोई वर्षा दर्ज नहीं हुई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि जिले में कहीं तेज तो कहीं बहुत कम बारिश दर्ज की गई।

**बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी :** वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान में आसमान में नमी का स्तर अधिक है और बादलों की सघनता भी बढ़ी हुई है। यही कारण है कि रविवार सुबह अचानक कोहरा छा गया। मौसम विभाग ने जिले के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि अगले 24 से 48 घंटों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। अगस्त माह में कोहरे का नजारा देखकर लोगों में कौतूहल के साथ-साथ चिंता भी बढ़ी।

### रोटरी क्लब मनाएगा 3 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**सीहोर।** दिव्यांग बच्चों के लिए, दिव्यांग दिवस या अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस जैसे पर्व मनाए जाते हैं, जो उनके अधिकारों, क्षमताओं, और समाज में समावेश के महत्व को उजागर करते हैं। ये पर्व जागरूकता बढ़ाने, भेदभाव कम करने, और समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मनाए जाते हैं। इसको लेकर आगामी 3 सितंबर को रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में 3 सितंबर को दिव्यांग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसकी पहल करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया था। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों के मध्य खुशी का इजहार किया और इनका उत्साहवर्धन किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष विजयवर्गीय ने बताया कि दिव्यांगता कोई अभिश्राप नहीं होता है। क्लब के द्वारा दिवस मनाया जाएगा।

---

## लूट का खुलासाः 12 लाख रुपए का सामान जब्त, 6 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

रेहटी। लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए 2.5 लाख रुपए नकद, सोने की चेन सहित घटना में प्रयुक्त कार सहित कुल 12 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को फरियादी पिंटू उर्फ दुर्गादास साकोरे, निवासी नागपुर ने थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सलकनपुर में एक व्यक्ति से इलाज कराने आया था। आरोपी ने फरियादी को बहाने से सुनसान स्थान पर बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी कार के पास लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना मिलते ही शाहगंज की ओर जा रही संदिग्ध अर्टिगा कार को घेराबंदी कर रोका गया, जिसमें सवार व्यक्तियों से पूछताछ में उन्होंने लूट करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी और चेन बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी प्रकाश नाथ उर्फ गोस्वामी पिता हलके नाथ सुंदर नाथ पिता लक्ष्मण नाथ, शिवनाथ पिता मुन्ना नाथ, सुरेंद्र सारवाना पिता छदामिलाल, देवेन्द्र नाथ पिता मुकेश नाथ, भुजवल नाथ पिता दीना नाथ सभी निवासी जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया है।



---

## एसपीजी के अवैध कारोबार का खुलासा गैस रिफिलिंग के दौरान भड़क उठी आग



**सीहोर।** जिले में चोरी-छिपे एलपीजी गैस रिफिलिंग का खतरनाक कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। शनिवार रात करीब 8 बजे इछावर नगर के वार्ड क्रमांक 2 में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक चार पहिया वाहन में गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक आग भड़क उठी। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पा लिया, वरना पूरा वाहन और आसपास का क्षेत्र भीषण हादसे का शिकार हो सकता था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

जिले में अनेक स्थान पर चोरी छिपे घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर न सिर्फ कमर्शियल सिलेंडरों में भरी जा रही है, बल्कि चार पहिया और अन्य वाहनों में भी सीधे एलपीजी भरने का काम किया जा रहा है। यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है बल्कि लोगों की जान को भी गंभीर खतरे में डाल रहा है। इच्छावर में हुई घटना के संबंध में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। मामले में जांच की जा रही है और जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी है। बावजूद इसके, आमजन का कहना है कि जब तक प्रशासन कड़े कदम नहीं उठाएगा, तब तक यह अवैध कारोबार थमने वाला नहीं है।

#### छापामार कार्रवाई भी बेअसर

प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई करता है, लेकिन गैस माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। लगभग तीन महीने पहले इंदौर–भोपाल हाईवे पर नायरा पेट्रोल पंप के पीछे एक टिन शेड से अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ किया गया था। यहां से कुल 51 सिलेंडर जब्त किए गए थे। उस कार्रवाई में अधिकारियों ने 6 भरे हुए एचपी के कमर्शियल सिलेंडर, 6 खाली कमर्शियल भारत गैस सिलेंडर, 1 घरेलू इंडियन सिलेंडर और 39 खाली एचपी के कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए थे। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, गैस ट्रांसफर पाइप, नोजल, फिल्टर और पाइप सेट जैसी सामग्री भी जब्त की गई थी। इसके बावजूद शहर में आज भी अवैध रिफिलिंग का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है।

#### जनता में गुस्सा, कार्रवाई की मांग

शहरवासियों का कहना है कि यह धंधा गैस माफियाओं और प्रशासनिक मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं है। लोग खुलकर कह रहे हैं कि यदि सख्ती नहीं की गई तो किसी भी दिन सीहोर बड़ा हादसा झेल सकता है। आम जनता मांग कर रही है कि दोषियों को पकड़कर कठोरतम सजा दी जाए और जिले को इस खतरनाक कारोबार से मुक्त किया जाए।

#### वाहनों और घरों की सुरक्षा पर संकट

अवैध रूप से चल रही रिफिलिंग गतिविधियां लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं। वाहनों में गैस भरने की घटनाएं आम हो रही हैं, जबकि सुरक्षा मानकों के बिना ऐसा करना सीधे-सीधे विस्फोट का कारण बन सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो किसी दिन यह शहर के लिए बड़ी त्रासदी का रूप ले सकता है।

---

कुबेरेश्वरधाम पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे

## भादौ में भी सीवन से कांवड़ में जल भरकर श्रद्धालु कर रहे भगवान शंकर का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



भव्य कांवड यात्रा के समापन होने के बाद भी हर रोज जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर देश भर के श्रद्धालु आ रहे है और यहां पर विशेष पूजा अर्चना का क्रम जारी है। इन दिनों महाराष्ट्र में सावन का माह चल रहा है और अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा से शहर के सीवन नदी के तट से धाम तक भगवान के जयकारों के साथ श्रद्धालु आ रहे है। रविवार को भी पहुंचे कांवड यात्रियों का विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने स्वागत और सम्मान किया। समिति के मीडिया प्रभारी श्री दीक्षित ने बताया कि रविवार को नासिक, मुंबई, अमरावती, धुले, अकोला आदि क्षेत्र से आए कांवड यात्रियों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में सावन के महीनें में भक्त भगवान शिव की पूजा करते है और सावन के दिनों में भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। श्रावण मास अमावस्या से अमावस्या तक गिना जाता है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में पूर्णिमा से पूर्णिमा तक मनाया जाता है। मध्यप्रदेश सहित अन्य क्षेत्र में सावन माह के समापन के पश्चात इन दिनों महाराष्ट्र में सावन के माह का क्रम जारी है। महाराष्ट्र प्रांत से आने वाले अनेक श्रद्धालु नियमित रूप से यहां पर आते है और भजन-कीर्तन के साथ भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। धाम पर आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालु कंकर-कंकर शंकर की पूजा अर्चना करते है।